भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1896**

06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष पद्धतियों को एकीकृत किया जाना**

1896. श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में आयुष पद्धतियों को स्वास्थ्य परिचर्या की मुख्य धारा में लाने वाली सेवाओं के साथ एकीकृत करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष-आधारित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ कोई सहयोगात्मक परियोजनाएं बनाई गई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की नीति अपनाई है, जिससे रोगियों को एक ही स्थान पर विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के लिए विकल्प उपलब्ध हो सके। आयुष चिकित्सकों/पैराचिकित्सकों की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थन दिया जा रहा है, जबकि आयुष बुनियादी ढांचे, उपकरण/फर्नीचर और औषधियों के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत आयुष मंत्रालय द्वारा साझा जिम्मेदारियों के रूप में समर्थन प्रदान किया जा रहा है। पीएससी, सीएचसी और डीएच में सह-स्थापित आयुष सुविधाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

इसके अलावा, स्वास्थ्य संवर्धन और रोकथाम व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल का एक अभिन्न अंग है जिसमें स्वस्थ आहार और जीवन शैली के लिए परामर्श, मैराथन, साइक्लोथॉन, योग, ध्यान, जुम्बा, वार्षिक स्वास्थ्य दिवसों का उत्सव आदि शामिल हैं, जिससे समुदाय का कल्याण सुनिश्चित होता है। योग को स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में शामिल करने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) में नियमित योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

*****

संलग्नक

**पीएससी, सीएचसी और डीएच में सह-स्थापित आयुष सुविधाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | डीएच | सीएचसी | पीएचसी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 9 | 105 | 273 | 387 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 16 | 34 | 50 | 100 |
| 3 | असम | 21 | 110 | 364 | 495 |
| 4 | बिहार | 36 | 0 | 0 | 36 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 18 | 98 | 454 | 570 |
| 6 | गोवा | 2 | 6 | 22 | 30 |
| 7 | गुजरात | 0 | 0 | 868 | 868 |
| 8 | हरियाणा | 21 | 101 | 106 | 228 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | झारखंड | 24 | 188 | 97 | 309 |
| 11 | कर्नाटक | 15 | 78 | 375 | 468 |
| 21 | केरल | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 36 | 99 | 285 | 420 |
| 14 | महाराष्ट्र | 23 | 238 | 20 | 281 |
| 15 | मणिपुर | 7 | 17 | 78 | 102 |
| 16 | मेघालय | 11 | 25 | 54 | 90 |
| 17 | मिजोरम | 12 | 9 | 10 | 31 |
| 18 | नागालैंड | 9 | 20 | 9 | 38 |
| 19 | ओडिशा | 0 | 302 | 858 | 1160 |
| 20 | पंजाब | 15 | 72 | 100 | 187 |
| 21 | राजस्थान | 0 | 52 | 146 | 198 |
| 22 | सिक्किम | 4 | 1 | 4 | 9 |
| 23 | तमिलनाडु | 37 | 388 | 475 | 900 |
| 24 | तेलंगाना | 0 | 42 | 352 | 394 |
| 25 | त्रिपुरा | 3 | 21 | 84 | 108 |
| 26 | उत्तराखंड | 13 | 53 | 44 | 110 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 102 | 666 | 627 | 1395 |
| 28 | पश्चिमी बंगाल | 8 | 280 | 368 | 656 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 3 | 4 | 20 | 27 |
| 30 | चंडीगढ़ | 1 | 2 | 29 | 32 |
| 31 | दादरा व नागर हवेली और दमण व दीव | 2 | 4 | 9 | 15 |
| 32 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | जम्मू-कश्मीर | 13 | 13 | 372 | 398 |
| 34 | लद्दाख | 2 | 7 | 32 | 41 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 36 | पुडुचेरी | 4 | 4 | 39 | 47 |
| | | **469** | **3042** | **6628** | **10139** |

स्रोतः 31 मार्च 2024 तक एनएचएम-एमआईएस डेटाबेस के अनुसार